श्याम दीवानो की इस जग में शान निराली है

श्याम दीवानो की इस जग में शान निराली है,
जाकर देखो उनके घर में रोज दिवाली है,

सब कुछ आजमाया इसे आजमा,
पल में चढ़ा देगा ये तुझे आस्मां,
इस के दर से खाली न आया कोई सवाली है,
जाकर देखो उनके घर में रोज दिवाली है,

हारे का ये साथी मेरा बड़ा मशहूर,
करले भरोसा देगा प्यार भरपूर.,
इसके वृक्ष के प्यारे वन का जो भी ढाली है,
जाकर देखो उनके घर में रोज दिवाली है,

किरपा करि सँवारे ने जब श्याम पर,
कैसे असर है सबको आया नजर,
तेरे चलते जीवन में छाई हरयाली है,
जाकर देखो उनके घर में रोज दिवाली है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7540/title/shyam-diwano-ki-is-jag-me-shaan-nirali-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |